# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेल्वे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर–342001
jdajodhpur.rajasthan.gov.in वेब साईट http://email:-jdajodhpur@rajasthan.gov.in phone no- 0291.2612086,0291.2656355 फै 0291.261537

क्रमांकः– EE/HQ/2020-21/304 दिनांकः– 01/07/2020

:: ई–निविदा सूचना संख्याः 06 / 2020–21 ::

जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के वित्तीय वर्ष 2020–21 व 2021–22 हेतु अनुभवी एवं अन्तिम रूप से सनदी लेखाकार अन्तिम परीक्षा पारित व्यक्ति या संस्था से ऑनलाईन Two Parts बिड आमंत्रित की जाती है। इसमें UDIN पंजीकृत सनदी लेखाकार भाग ले सकेंगे। जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर कार्यालय में प्रतिदिन उपस्थित रहकर सम्पूर्ण लेखाकंन टेली/अपग्रेटेड सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है तथा वित्तीय वर्ष 2021–22 के समाप्ति पर उक्त सॉफ्टवेयर, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को हस्तान्तरित करना होगा। लेखाकंन कार्य हेतु एकल खिडकी से प्राप्त चालान/रसीद तथा भुगतान के वाउचर ही उपलबध करायें जायेगें। जिससे प्रतिदिन वांछित लेखांकन कार्य किया जायेगा तथा इसका प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण मुख्य लेखाधिकारी (नोडल अधिकारी) द्वारा किया जायेगा।

## महत्वपूर्ण दिनांकों का विवरण

| क्र.सं | विवरण | निविदा की क्र. सं. | दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा फार्म की उपलब्धता डाउनलोड आरम्भ होने की दिनांक व समय | 01 | दिनांक 02.07.2020 प्रातः 11.00 बजे से |
| 2 | ऑन लाईन निविदा फार्म डाउनलोड समाप्त होने की दिनांक व समय | 01 | दिनांक 13.07.0.2020 सायं 6.00 बजे तक |
| 3 | ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 01 | दिनांक 02.07.2020 प्रातः 11.00 बजे से |
| 4 | ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 01 | दिनांक 13.07.0.2020 सायं 6.00 बजे तक |
| 5 | ऑन लाईन SSO ID के माध्यम से sso.rajasthan.gov.in पर urban service में Payment getway for E-Tendering से निविदा शुल्क, धरोहर राशि, ई–टेन्डररिंग प्रक्रिया शुल्क जमा कराने की अन्तिम दिनांक एवं समय | 01 | दिनांक 13.07.2020 सायं 6.00 बजे तक |
| 6 | ऑन लाईन तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक व समय | 01 | दिनांक 14.07.2020 दोपहर 2.00 बजे |
| 7. | ऑन लाईन वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक व समय | 01 | तकनीकी बिड मे सफल निविदादाताओ को अलग से e-proc पर सूचित कर दिया जायेगा। |

निविदा का विवरण निम्न प्रकार है–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि रू.में | निविदा शुल्क रू.में | ई–टेण्डरिंग प्रकिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | जोन कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर में वित्तीय वर्ष 2020–21 व 2021–22 हेतु दोहरी लेखा पद्वति से लेखो को तैयार करना, मासिक, त्रैमासिक एवं वार्षिक रिटनर्स तैयार कर ऑन–लाईन फाईल करना। | 16.00 | 32000/- | 500/- | 500/– | 20 माह | जोन मुख्यालय |

## निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते निम्नानुसार है :–

1 निविदा की प्रकिया ऑनलाईन होगी।

2 निविदादाता द्वारा धरोहर राशि, निविदा शुल्क, एवं ई–टेण्डर प्रकिया शुल्क जरिये SSO ID से ऑनलाईन जमा करवाना आवश्यक है।

| क्र. सं. | शुल्क वितरण | शुल्क | भुगतान का प्रकार | देय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा शुल्क | उपरोक्तानुसार | ऑनलाईन SSO ID के माध्यम से sso.rajasthan.gov.in पर urban service में Payment getway for E-Tendering से | सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 2. | धरोहर राशि | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत | | सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 3. | ई–टेन्डररिंग प्रक्रिया शुल्क | 50 लाख से कम 500/– 50 लाख से उपर 1000/– | | M.D, RISL, JAIPUR |

3 Annexure A to D अपलोड करना आवश्यक है।

4 शर्ते एवं निर्देश (प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर मय मोहर के) निविदा के साथ अपलोड करने आवश्यक है।

5 निविदा Two Parts सिस्टम आधारित होगी।

(1) तकनीकी बिड

(2) वित्तीय बिड

तकनीकी बिड मे उल्लेखित मापदण्डो के लिये आवश्यक दस्तावेज तकनीकी बिड के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा। तकनीकी बिड खोलने के बाद निर्धारित मापदण्डो के परिप्रेक्ष्य में मूल्याकंन किया जायेगा तथा तकनीकी मुल्याकंन में निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने पर सफल निविदादाताओं की ही वितीय बिड खोली जायेगी।

6 वित्तिय बिड पूर्णरूप से भरकर प्रस्तुत की जायेगी।

7 सशर्त निविदाये स्वीकार नही होगी।

8 वित्तिय बिड ऑनलाईन अपलोड करना आवश्यक है।

9 ई–टेंडरिग के लिए निविदादाता हेतु निर्देश :–

- इन निविदाओ मे इच्छूक लेने वाले निविदादाता निविदा प्रपत्रो का इन्टरनेट साईट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in से देख/डाउनलोड कर सकते है।

- निविदाओ मे भाग लेने वाले निविदादाताओ को इन्टरनेट सार्डट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाईन निविदा मे भाग लेने के लिए डिजिटल सार्टिफिकेट है। इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा, जो इलेक्ट्रोनिक निविदा मे साईन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी सी ए द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओ के पास पूर्व मे वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है तो नया डिजिटल लेने की आवश्यकता नही है।
- निविदादाताओ को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट मे उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिसका प्रस्ताव अकेले भौतिक फॉर्म मे स्वीकार्य नही होगा।
- इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रो को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्रो से संबंधित सभी आवश्क दस्तावेजो की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रो के साथ अटेच कर दी गयी है।
- कोई भी टेण्डर इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने मे किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नही होगा।
- टेण्डर के प्रपत्रो मे आवश्यक सभी सूचियों को सम्पूर्ण रूप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करे।

10 निविदा प्रपत्रो को वेबसाईट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओ मे भाग लेने वाले संवेदको को निविदा को इलेक्ट्रोनिक फार्मेट मे वेबसाईट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करवानी होगी।

11 निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सम्पूर्ण नही खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस को शेष निविदाये खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।

12 प्रदत दरे निविदा खोलने की दिनांक से 50 दिवसो तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य होगी यदि निविदाकर्ता द्वारा उक्त अवधि मे अपनी निविदा/शर्तो मे किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापिस लेता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

13 सफल सेवा प्रदाता को कार्य आदेश प्राप्ति के 7 दिवस के अन्दर नियमानुसार राशि के नोन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर करार पत्र निष्पादित करना होगा।

14 सभी प्रकार के विवाद के लिये न्याय क्षैत्र जोधपुर होगा किसी भी विवाद की स्थिति मे सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर का निर्णय अंतिम एवं दोनो पक्षो को मान्य होगा।

15 प्रतिभूति राशि कार्यादेश राशि के 5 प्रतिशत के बराबर जमा करानी होगी जिसमे धरोहर के रूप मे जमा 2 प्रतिशत राशि समायोजित कर ली जायेगी जो अनुबंध के समाप्ति के पश्चात संतोषजनक रूप से कार्य पूर्ण करने पर लौटाई जाएगी यदि संवेदक द्वारा बीच मे ही अनुबंध की शर्तो का पालन नही किया जाता है तो धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

16 राज्य/केन्द्र सरकार के द्वारा लागू अन्य कोई कर यदि हो तो उसकी कटौती कर भुगतान किया जाएगा।

17 आरटीपीपी एक्ट 2012/ नियम 2013 के प्रावधान उक्त निविदा पर लागू होंगे।

18 नेगोशियेशन की आवश्यकता होने पर ईमेल व पत्र द्वारा डाक से सूचित किया जायेगा।

19 यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिको के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबंधकीय जिम्मेवारी संवेदक की होगी। इसके लिये उपापन संस्था का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 एवं राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मुलन) अधिनियम 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन करने के लिये उत्तरदायी होगा।

20 किसी भी बिन्दु पर विवाद की दशा मे जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा जो संवेदक को मान्य होगा।

21 उपरोक्त शर्तो के अलावा वितीय बिड प्रपत्र में उल्लेखित शर्ते अक्षरशः लागू रहेगी।

मुख्य लेखाधिकारी
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
दिनांक : ..........

क्रमांक : EE/HQ/2020-21/305-309
प्रतिलिपि वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. निदेशक वित, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
2. सहायक लेखाधिकारी, समस्त जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
3. कनिष्ठ लेखाकार समस्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
4. तृप्ति सोलंकी, सूचना सहायक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को SSO ID पर अपलोड करने की कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
5. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त निविदा का http://www.eproc.rajsathan.gov.in,www.jodhpurjda.org एवं www.sppp.raj.nic.in की वेबसाईड पर तुरन्त प्रदर्शित (Up Load) करे।

मुख्य लेखाधिकारी
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

उपरोक्त शर्तो को मेरे द्वारा सावधानीपूर्वक पढ लिया गया है एवं उक्त शर्तो पर कार्य करने हेतु सहमत है।

संवेदक के हस्ताक्षर
मय मोहर